Title: Need for effective steps to preserve and protect the art objects of Timangarh Fort in Rajasthan - Laid.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान राज्य के करोली जिले में तिमनगढ़ का किला बहुमूल्य शिल्पकला एवं मूर्ति कला का अनूठा संग्रहालय है। यह किला दस्यु प्रभावित डांग क्षेत्र में स्थित है। कई दशकों से इस इतिहास प्रसिद्ध किले से बहुमूल्य मूर्तियों की चोरी का सिलसिला जारी है। पिछले माह में प्रमुख समाचार पत्र पत्रिकाओं में करोली जिले के मूर्ति चोर प्रकरण सुर्खियों में छपते रहें हैं। इण्डिया टुडे के पिछले अंक में छपे लेख में जिन देवी देवताओं की मूर्तियों के चित्र छपे हैं वे कई करोड की लागत की हैं। देवी की एक मूर्ति का अन्तर्राट्रीय मूल्य दो करोड़ आंका है। ऐसी अनुपम व दुर्लभ कला की सुरक्षा व संरक्षण का उपाय करके देश में व करोली जिले का पुरातत्व को संरक्षण दिया जाना आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से कला व संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग से इस बहुमूल्य धरोहर को सुरक्षित व संरक्षित करने हेतु केन्द्र के हस्तक्षेप की मांग करती हूं तथा अनुरोध करती हूं कि पुरातत्व विभाग अविलम्ब तिमनगढ़ किले की तथा किले में उपलब्ध कला कृतियों की सुरक्षा की व्यवस्था हेतु उचित उपाय करने का कट करें।